NBT नवभारत टाइम्स By THE TIMES OF INDIA

स्थानीय निकाय के पहले बोकारो में पुलिस को मिली बड़ी सफलता, 10 लाख की नकली विदेशी शराब बरामद

बोकारोः झारखंड में स्थानीय नगर निकाय चुनाव के पहले के बोकारो जिले की पुलिस ने चतरोचट्टी थाना क्षेत्र के नरकंडी गांव में छापेमारी कर नकली विदेशी शराब की बड़ी खेप बरामद की है। जिस मकान से शराब की यह खेप बरामद की गई है, उसके मालिक सोना महतो को गिरफ्तार कर लिया गया है।

नकली शराब होली के दौरान खपाए जाने की थी तैयारी

पुलिस के अनुसार, यह **नकली शराब** होली के दौरान विभिन्न इलाकों में खपाए जाने की तैयारी में थी। बेरमो के एसडीपीओ बीएन सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि नरकंडी के मकान में अवैध रूप से विदेशी शराब छिपाकर रखी गई है। सूचना के आधार पर बोकारो एसपी के निर्देश पर छापामारी दल का गठन किया गया। टीम ने गांव पहुंचकर तलाशी अभियान चलाया, जिसमें विभिन्न ब्रांडों की कुल 2,688 बोतल नकली विदेशी शराब बरामद की गई। इनमें 375 एमएल की 1,080 बोतल आईकॉनिक व्हाइट, 180 एमएल की 1,104 बोतल रॉयल स्टैग तथा 375 एमएल की 504 बोतल रॉयल स्टैग शामिल हैं। कुल बरामद शराब की मात्रा लगभग 793 लीटर आंकी गई है।

Source: https://navbharattimes.indiatimes.com/state/jharkhand/bokaro/bokaro-police-illegal-foreign-liquor-worth-rs-10-lakh-was-recovered-local-body-election/articleshow/128677677.cms